# 10
## अध्याय

# सरल रेखाएँ
## Straight Lines

### प्रश्नावली 10.1

**प्रश्न 1.** कार्तीय तल में एक चतुर्भुज खींचिए जिसके शीर्ष (– 4, 5), (0, 7), (5, – 5) और (– 4, – 2) हैं। इसका क्षेत्रफल भी ज्ञात कीजिए।


(i) यदि $A(x_1, y_1)$, $B(x_2, y_2)$ तथा $C(x_3, y_3)$ एक त्रिभुज के शीर्ष हैं, तब

$$\Delta ABC \text{ का क्षेत्रफल } = \frac{1}{2}|[x_1(y_2 - y_3) + x_2(y_3 - y_1) + x_3(y_1 - y_2)]|$$

(ii) चतुर्भुज का क्षेत्रफल $= \Delta ABC$ का क्षेत्रफल $+ \Delta ADC$ का क्षेत्रफल

**हल** दिए गए शीर्ष $A(-4, 5)$, $B(0, 7)$, $C(5, -5)$ तथा $D(-4, -2)$ नीचे $X$-$Y$ तल में दर्शाए गए हैं। सभी शीर्षों को मिलाने पर एक चतुर्भुज $ABCD$ निरूपित होता है।

evidyarthi




चतुर्भुज $ABCD$ का क्षेत्रफल = $\Delta ADC$ का क्षेत्रफल + $\Delta ABC$ का क्षेत्रफल ...(i)

अब, $\Delta ADC$ का क्षेत्रफल $= \frac{1}{2}|[-4(-2+5)-4(-5-5)+5(5+2)]|$

$$\left[\because \text{क्षेत्रफल} = \frac{1}{2}[x_1(y_2-y_3)+x_2(y_3-y_1)+x_3(y_1-y_2)]\right]$$

यहाँ, $(x_1, y_1) = (-4, 5)$, $(x_2, y_2) = (-4, -2)$, $(x_3, y_3) = (5, -5)$

$$= \frac{1}{2}|[-4\times 3-4(-10)+5\times 7]|$$

$$= \frac{1}{2}|[-12+40+35]| = \frac{1}{2}|[75-12]| = \frac{63}{2}$$

$\Delta ABC$ का क्षेत्रफल $= \frac{1}{2}|[-4(7+5)+0(-5-5)+5(5-7)]|$

[यहाँ, $(x_1, y_1) = (-4, 5)$, $(x_2, y_2) = (0, 7)$ तथा $(x_3, y_3) = (5, -5)$]

$$= \frac{1}{2}|[-4\times 12+0\times(-10)+5(-2)]| = \frac{1}{2}|-48-10| = \frac{|-58|}{2} = 29$$

$\therefore$ समी (i) से, चतुर्भुज $ABCD$ का क्षेत्रफल $= \frac{63}{2}+29 = \frac{63+58}{2} = \frac{121}{2}$ वर्ग इकाई


**प्रश्न 2. $2a$ भुजा के समबाहु त्रिभुज का आधार $Y$-अक्ष के अनुदिश इस प्रकार है कि आधार का मध्य-बिंदु पर है। त्रिभुज के शीर्ष ज्ञात कीजिए।**

जैसे कि त्रिभुज की एक भुजा $Y$-अक्ष पर है, अतः तीसरी भुजा $Y$-अक्ष के बाईं या दाईं ओर होगी।

**हल** माना $BC$ त्रिभुज का आधार है जो $Y$-अक्ष पर स्थित है तथा तीसरा शीर्ष $A(h, 0)$ या $A'(-h, 0)$ हो सकता है।



eVidyarthi




चूँकि $\Delta ABC$ समबाहु है, तब $AB = BC$

$$AB^2 = BC^2$$

$\Rightarrow$ $$(h-0)^2 + (0-a)^2 = (2a)^2$$

बिंदुओं $(x_1, y_1)$ तथा $(x_2, y_2)$ के बीच की दूरी $= \sqrt{[(x_2 - x_1)^2 + (y_2 - y_1)^2]}$

$AB$ दूरी के लिए, $(x_1, y_1) = (a, 0), (x_2, y_2) = (0, a)$

$\Rightarrow$ $h^2 + a^2 = 4a^2 \Rightarrow h^2 = 3a^2 \Rightarrow h = \pm\sqrt{3}a$ (वर्गमूल लेने पर)

अत; त्रिभुज के शीर्ष $(\sqrt{3}a, 0), (0, a), (0, -a)$

या $(-\sqrt{3}a, 0), (0, a), (0, -a)$ हैं।

**प्रश्न 3.** $P(x_1, y_1)$ **और** $Q(x_2, y_2)$ **के बीच की दूरी ज्ञात कीजिए जब**

**(i)** $PQ$, $Y$**-अक्ष के समांतर है।**

**(ii)** $PQ$, $X$**-अक्ष के समांतर है।**


**हल** (i) जब $PQ$, $Y$-अक्ष के समांतर है इसका अर्थ है, कि $P$ तथा $Q$ बिंदुओं का $X$-निर्देशांक समान है अर्थात् $x_1 = x_2$

$\therefore$ बिंदु $P(x_1, y_1)$ तथा बिंदु $Q(x_2, y_2)$ के बीच की दूरी

$$= \sqrt{(x_2 - x_1)^2 + (y_2 - y_1)^2}$$

$$= \sqrt{(x_1 - x_1)^2 + (y_2 - y_1)^2} \quad (\because x_1 = x_2)$$

$$= \sqrt{(y_2 - y_1)^2} = |y_2 - y_1|$$




(ii) जब $PQ$, $X$-अक्ष के समांतर है, इसका अर्थ है कि $P$ तथा $Q$ बिंदुओं का $Y$-निर्देशांक समान है अर्थात् $y_1 = y_2$

$\therefore$ बिंदु $P(x_1, y_1)$ तथा बिंदु $Q(x_2\ y_2)$ के बीच की दूरी

$$PQ = \sqrt{(x_2 - x_1)^2 + (y_2 - y_1)^2} = \sqrt{(x_2 - x_1)^2 + (y_1 - y_1)^2} \quad (\because y_1 = y_2)$$

$$= \sqrt{(x_2 - x_1)^2} = |x_2 - x_1|$$




**प्रश्न 4.** $X$-अक्ष पर एक बिंदु ज्ञात कीजिए जो (7, 6) और (3, 4) बिंदुओं से समान दूरी पर है।

**हल** माना $x$-अक्ष पर किसी बिंदु $P$ के निर्देशांक $(x, 0)$ है, चूँकि $X$-अक्ष पर $Y$-निर्देशांक शून्य होता है तथा दिए गए बिंदु $A(7, 6)$ तथा $B(3, 4)$ हैं।

दिया है, $PA = PB \Rightarrow PA^2 = PB^2$

$\Rightarrow \quad (x_1 - x_2)^2 + (y_1 - y_2)^2 = (x_1 - x_3)^2 + (y_1 - y_3)^2$

जहाँ, $x_1 = x,\ x_2 = 7,\ y_1 = 0,\ y_2 = 6,\ x_3 = 3,\ y_3 = 4$

$\Rightarrow \quad (x - 7)^2 + (0 - 6)^2 = (x - 3)^2 + (0 - 4)^2$

दो बिंदुओं के बीच की दूरी $= \sqrt{(x_1 - x_2)^2 + (y_1 - y_2)^2}$

$\Rightarrow \quad x^2 + 49 - 14x + 36 = x^2 + 9 - 6x + 16$

$\Rightarrow \quad -14x + 6x = 25 - 36 - 49$

$\Rightarrow \quad -8x = 25 - 85 \Rightarrow -8x = -60$

$\Rightarrow \quad x = \frac{60}{8} \Rightarrow x = \frac{15}{2}$

$\therefore$ $x$-अक्ष पर बिंदु $P = \left(\frac{15}{2}, 0\right)$

**प्रश्न 5.** रेखा का ढाल ज्ञात कीजिए जो मूलबिंदु और $P(0, -4)$ तथा $B(8, 0)$ बिंदुओं को मिलाने वाले रेखाखंड के मध्य-बिंदु से जाती है।


यदि दो बिंदुओं के निर्देशांक दिए गए हैं, तब प्रवणता, $m = \frac{y_2 - y_1}{x_2 - x_1}$

**हल** दिए गए बिंदु $P(0, -4)$ तथा $Q(8, 0)$ हैं।

$\therefore \quad x_1 = 0,\ y_1 = -4,\ x_2 = 8,\ y_2 = 0$

eVidyarthi

ये बिंदु X-Y तल में नीचे चित्र में अंकित किए गए है




PQ का मध्य-बिंदु है

$$R = \left(\frac{x_1 + x_2}{2}, \frac{y_1 + y_2}{2}\right)$$

$$= \left(\frac{0+8}{2}, \frac{-4+0}{2}\right) = (4, -2)$$

$\therefore$ OR की प्रवणता $= \dfrac{y_2 - y_1}{x_2 - x_1} = \dfrac{-2-0}{4-0} = \dfrac{-2}{4} = -\dfrac{1}{2}$ $\left(\because x_1 = 0, y_1 = 0, \; x_2 = 4, y_2 = -2\right)$

**प्रश्न 6.** पाइथागोरस प्रमेय के प्रयोग बिंदु दिखलाइए कि बिंदु (4, 4), (3, 5) और (− 1, − 1) त्रिभुज के शीर्ष हैं।

(i) जब दो बिंदु दिए गए होते हैं, तब बिंदुओं को मिलाने वाली रेखा की प्रवणता

$$m = \frac{y_2 - y_1}{x_2 - x_1}.$$

(ii) दो रेखाएँ लंबवत् होती हैं, यदि $m_1 \times m_2 = -1$

**हल** माना दिए गए बिंदु $A(4, 4)$, $B(3, 5)$ तथा $C(-1, -1)$ हैं।

यहाँ $(x_1, y_1) \rightarrow A(4, 4), (x_2, y_2) \rightarrow B(3, 5), (x_3, y_3) \rightarrow C(-1, -1)$

अब, $$\frac{1}{2}\begin{vmatrix} x_1 & y_1 & 1 \\ x_2 & y_2 & 1 \\ x_3 & y_3 & 1 \end{vmatrix} = \frac{1}{2}\begin{vmatrix} 4 & 4 & 1 \\ 3 & 5 & 1 \\ -1 & -1 & 1 \end{vmatrix} = \frac{1}{2}[4(5+1) - 4(3+1) + 1(-3+5)]$$

$$= \frac{1}{2}[24 - 16 + 2] = \frac{10}{2} = 5 \neq 0$$

अतः A, B तथा C त्रिभुज के शीर्ष हैं।

AB की प्रवणता, $m_1 = \dfrac{y_2 - y_1}{x_2 - x_1} = \dfrac{5-4}{3-4} = \dfrac{1}{-1} = -1$ $\left(\because \text{प्रवणता} = \dfrac{y_2 - y_1}{x_2 - x_1}\right)$

BC की प्रवणता, $m_2 = \dfrac{y_3 - y_2}{x_3 - x_2} = \dfrac{-1-5}{-1-3} = \dfrac{-6}{-4} = \dfrac{3}{2}$

CA की प्रवणता, $m_3 = \dfrac{y_3 - y_1}{x_3 - x_1} = \dfrac{-1-4}{-1-4} = \dfrac{-5}{-5} = 1$

$\because$ AB की प्रवणता $\times$ CA की प्रवणता $= (-1) \times 1 = (-1)$


$\therefore$ $\Delta ABC$, A पर एक समकोण त्रिभुज है।

evidyarthi

**प्रश्न 7.** उस रेखा का समीकरण ज्ञात कीजिए जो $Y$-अक्ष की धन दिशा से वामावर्त मापा गया 30° का कोण बनाती है।

**हल** दिया है, $\angle YPQ = 30°$

ज्ञात करना है, $\angle PAX = ?$




यहाँ, $\angle YPQ = \angle OPA$ (ऊर्ध्वाधर विपरीत कोण)

$\because$ $\angle OPA + \angle POA + \angle PAO = 180°$

($\because$ त्रिभुज के सभी आंतरिक कोणों का योग 180° होता है।)

$\Rightarrow$ $30° + 90° + \angle PAO = 180°$

$\Rightarrow$ $\angle PAO = 180° - 120° = 60°$

$\Rightarrow$ $\angle PAX = 180° - 60° = 120°$

$\therefore$ रेखा $AQ$ की प्रवणता $= m = \tan 120°$ ($\because m = \tan \theta$)

$= \tan(180° - 60°)$ [$\because \tan(180° - \theta) = -\tan\theta$]

$= -\tan 60° = -\sqrt{3}$

**प्रश्न 8.** $x$ का वह मान ज्ञात कीजिए जिसके लिए बिंदु $(x, -1)$, $(2, 1)$ और $(4, 5)$ संरेख हैं।

तीन बिंदु $A$, $B$ तथा $C$ संरेख होते हैं, यदि

$AB$ की प्रवणता $=$ $BC$ की प्रवणता $=$ $CA$ की प्रवणता

**हल** चूँकि बिंदु $A(x, -1)$, $B(2, 1)$ तथा $C(4, 5)$ संरेख हैं।

यहाँ, $x_1 = x$, $y_1 = -1$, $x_2 = 2$, $y_2 = 1$, $x_3 = 4$ तथा $y_3 = 5$

$AB$ की प्रवणता $=$ $BC$ की प्रवणता

$$\Rightarrow \quad \frac{y_2 - y_1}{x_2 - x_1} = \frac{y_3 - y_2}{x_3 - x_2}$$

$$\Rightarrow \quad \frac{1+1}{2-x} = \frac{5-1}{4-2} \qquad \left(\because \text{रेखा की प्रवणता} = \frac{y_2 - y_1}{x_2 - x_1}\right)$$

$$\Rightarrow \quad \frac{2}{2-x} = \frac{4}{2}$$

$$\Rightarrow \quad 2 - x = 1$$

$$\Rightarrow \quad x = 2 - 1 = 1$$

eVidyarthi


**प्रश्न 9.** दूरी सूत्र का प्रयोग किए बिना दिखलाइए कि बिंदु (– 2, – 1), (4, 0), (3, 3) और (– 3, 2) समांतर चतुर्भुज के शीर्ष हैं।

अवधारणा का प्रयोग करेंगे कि समांतर चतुर्भुज के विकर्ण एक-दूसरे को समद्विभाजित करते हैं।

**हल** माना *ABCD* एक समांतर चतुर्भुज है जिसके शीर्ष

$(x_1, y_1) \rightarrow A(-2,-1), (x_2, y_2) \rightarrow B(4, 0), (x_3, y_3) \rightarrow C(3, 3)$

तथा $(x_4, y_4) \rightarrow (-3, 2)$ हैं।




$AC$ का मध्य-बिंदु $= \left(\frac{x_1 + x_3}{2}, \frac{y_1 + y_3}{2}\right) = \left(\frac{-2+3}{2}, \frac{-1+3}{2}\right) = \left(\frac{1}{2}, \frac{2}{2}\right) = \left(\frac{1}{2}, 1\right)$

$\left[\because \text{दो बिंदुओं का मध्य-बिंदु} = \left(\frac{x_1 + x_2}{2}, \frac{y_1 + y_2}{2}\right)\right]$

$BD$ का मध्य-बिंदु $= \left(\frac{x_2 + x_4}{2}, \frac{y_2 + y_4}{2}\right) = \left(\frac{4-3}{2}, \frac{0+2}{2}\right) = \left(\frac{1}{2}, 1\right)$

$\because$ $AC$ का मध्य-बिंदु = $BD$ का मध्य-बिंदु


$\therefore$ *ABCD* एक समांतर चतुर्भुज है। इति सिद्धम्

**प्रश्न 10.** *X*-अक्ष और (3, – 1) और (4, – 2) बिंदुओं को मिलाने वाली रेखा के बीच का कोण ज्ञात कीजिए।

जब दो बिंदु दिए गए होते हैं, तब उनको मिलाने वाली रेखा का *X*-अक्ष से कोण ज्ञात करने के लिए निम्न सूत्र प्रयोग करते हैं, $\theta = \tan^{-1}\left(\frac{y_2 - y_1}{x_2 - x_1}\right)$

**हल** दिया है, $(x_1, y_1) = (3, -1)$ और $(x_2, y_2) = (4, -2)$

रेखा की प्रवणता, $m = \frac{y_2 - y_1}{x_2 - x_1} = \frac{-2+1}{4-3}$




$\tan\theta = \frac{-1}{1} \Rightarrow \tan\theta = -1$

$\Rightarrow \tan\theta = -\tan 45^\circ \quad (\because 1 = \tan 45^\circ)$

$\Rightarrow \tan\theta = \tan(180^\circ - 45^\circ)$

$[\because \tan(180^\circ - \theta) = -\tan\theta]$

$\Rightarrow \tan\theta = \tan 135^\circ \Rightarrow \theta = 135^\circ$



eVidyarthi

**प्रश्न 11.** एक रेखा का ढाल, दूसरी रेखा के ढाल का दोगुना है। यदि दोनों के बीच के कोण की स्पर्शज्या (tangent) $\frac{1}{3}$ है, तो रेखाओं का ढाल ज्ञात कीजिए।

यदि $m_1$ तथा $m_2$ रेखाओं की प्रवणताएँ हैं, तब दोनों रेखाओं के मध्य कोण की स्पर्शज्या $\tan\theta = \left|\frac{m_1 - m_2}{1 + m_1 m_2}\right|$ होती है।

**हल** माना पहली रेखा की प्रवणता $m$ है, तब प्रश्नानुसार, दूसरी रेखा की प्रवणता $2m$ होगी।
दिया है कि, दोनों रेखाओं के मध्य कोण की स्पर्शज्या $\tan\theta = \frac{1}{3}$ है।

$$\therefore \quad \left|\frac{m_1 - m_2}{1 + m_1 m_2}\right| = \frac{1}{3} \Rightarrow \frac{1}{3} = \left|\frac{m - 2m}{1 + m \times 2m}\right| \Rightarrow \frac{1}{3} = \left|\frac{-m}{1 + 2m^2}\right|$$

$$\Rightarrow \quad (1 + 2m^2) = 3m \Rightarrow 2m^2 - 3m + 1 = 0$$

उपरोक्त समीकरण का गुणनखंड विधि द्वारा, मध्य-पद को तोड़ने पर,

$$\Rightarrow \quad 2m^2 - 2m - m + 1 = 0$$

$$\Rightarrow \quad 2m(m - 1) - 1(m - 1) = 0$$

$$\Rightarrow \quad (2m - 1)(m - 1) = 0$$


$\Rightarrow \quad 2m - 1 = 0$ या $m - 1 = 0 \Rightarrow m = \frac{1}{2}, m = 1$

**प्रश्न 12.** एक रेखा $(x_1, y_1)$ और $(h, k)$ से जाती है। यदि रेखा का ढाल $m$ है, तो दिखाइए कि

$$k - y_1 = m(h - x_1)$$

यदि दो बिंदु दिए गए होते हैं, तब उन बिंदुओं को मिलाने वाली रेखा की प्रवणता $m = \frac{y_2 - y_1}{x_2 - x_1}$ होती है। इस अवधारणा का प्रयोग करके सरल करेंगे।

**हल** माना दिए गए बिंदु $P(x_1, y_1)$ तथा $Q(h, k)$ हैं।




तब, प्रवणता, $m = \frac{k - y_1}{h - x_1}$ $\left(\because m = \frac{y_2 - y_1}{x_2 - x_1}\right)$

हम जानते हैं कि यदि एक बिंदु तथा प्रवणता ज्ञात हो, तब रेखा की समीकरण निम्न होती है

$$k - y_1 = m(h - x_1)$$

eVidyarthi

**प्रश्न 13.** यदि तीन बिंदु $(h, 0)$, $(a, b)$ और $(0, k)$ एक रेखा पर हैं, तो दिखाइए कि $\frac{a}{h} + \frac{b}{k} = 1$

**हल** दिए गए बिंदु $A(h, 0)$, $B(a, b)$ तथा $C(0, k)$ हैं। यदि $A$, $B$ तथा $C$ संरेख हैं, तब

$AB$ की प्रवणता = $BC$ की प्रवणता = $CA$ की प्रवणता

माना $(x_1, y_1) \rightarrow A(h, 0)$, $(x_2, y_2) \rightarrow B(a, b)$, $(x_3, y_3) \rightarrow C(0, k)$

अब, $AB$ की प्रवणता = $BC$ की प्रवणता = $CA$ की प्रवणता

$$\therefore \quad \frac{y_2 - y_1}{x_2 - x_1} = \frac{y_3 - y_2}{x_3 - x_2} = \frac{y_1 - y_3}{x_1 - x_3}, \quad \frac{b - 0}{a - h} = \frac{k - b}{0 - a} = \frac{0 - k}{h - 0}$$

प्रथम दो पद लेने पर,

$$\Rightarrow \quad \frac{b}{a - h} = \frac{k - b}{-a} \quad \Rightarrow \quad -ab = (a - h)(k - b)$$


$$\Rightarrow \quad -ab = ak - ab - hk + bh \quad \Rightarrow \quad ak + bh = hk$$

प्रत्येक पद को $(hk)$ द्वारा भाग देने पर,


$$\Rightarrow \quad \frac{ak}{hk} + \frac{bh}{hk} = \frac{hk}{hk} \quad \Rightarrow \quad \frac{a}{h} + \frac{b}{k} = 1$$

(यही सिद्ध करना था।)

**प्रश्न 14.** जनसंख्या और वर्ष के निम्नलिखित लेखाचित्र पर विचार कीजिए। रेखा $AB$ का ढ़ाल ज्ञात कीजिए और इसके प्रयोग से बताइए कि वर्ष 2010 में जनसंख्या कितनी होगी?




**हल** माना वर्ष 2010 में जनसंख्या $k$ करोड़ होगी। चूँकि $A$, $B$ तथा $C$ संरेख हैं।




eVidyarthi

$\therefore$ $AB$ की प्रवणता = $BC$ की प्रवणता

$\Rightarrow$ $$\frac{y_2 - y_1}{x_2 - x_1} = \frac{y_3 - y_2}{x_3 - x_2}$$

$\Rightarrow$ $$\frac{97 - 92}{1995 - 1985} = \frac{k - 97}{2010 - 1995}$$

$(\because x_1 = 1985, x_2 = 1995, x_3 = 2010, y_1 = 92, y_2 = 97, y_3 = k)$

$\Rightarrow$ $$\frac{5}{10} = \frac{k - 97}{15}$$

$\Rightarrow$ $$\frac{1}{2} = \frac{k - 97}{15}$$

$\Rightarrow$ $$k - 97 = \frac{15}{2}$$

$\Rightarrow$ $$k = 97 + \frac{15}{2} = 97 + 7.5 = 104.5$$

अतः $AB$ की प्रवणता = $\frac{1}{2}$

तथा वर्ष 2010 में जनसंख्या = 104.5 करोड़

## प्रश्नावली 10.2

**निर्देश** (प्र. सं. 1 - 8) रेखा का समीकरण ज्ञात कीजिए जो दिए गए प्रतिबंधों को संतुष्ट करता है

एक सरल रेखा को अद्वितीय रूप से ज्ञात करते हैं, यदि

(i) ये एक दी हुई प्रवणता के साथ एक दिए हुए बिंदु से होकर गुजरती है अर्थात्

$$y - y_1 = m(x - x_1)$$

(ii) ये दो बिंदुओं से होकर गुजरती है अर्थात् $y - y_1 = \frac{y_2 - y_1}{x_2 - x_1}(x - x_1)$

**प्रश्न 1.** $X$ और $Y$-अक्षों के समीकरण लिखिए।

**हल** $X$-अक्ष पर कोई बिंदु $(x, 0)$ है चूँकि $X$-अक्ष पर $Y$-निर्देशांक शून्य होता है।

$\therefore$ $X$-अक्ष पर प्रवणता $m = 0$ है।

$\because$ रेखा का समीकरण, $y - y_1 = m(x - x_1)$

$\therefore$ $y - 0 = 0(x - x)$ $(\because x_1 = x, y_1 = 0)$

$\Rightarrow$ $y = 0$

अतः $x$-अक्ष की समीकरण, $y = 0$

इसी प्रकार, हम $y$-अक्ष की समीकरण को ज्ञात कर सकते हैं

$$x = 0$$

**प्रश्न 2.** ढाल $\frac{1}{2}$ और बिंदु $(-4, 3)$ से जाने वाली।

**हल** एक बिंदु के रूप में रेखा का समीकरण है,

$$y - y_1 = m(x - x_1)$$



eVidyarthi

यहाँ, $(x_1, y_1) = (-4, 3)$ तथा $m = \frac{1}{2}$

$\therefore \qquad y - 3 = \frac{1}{2}(x + 4)$

$\Rightarrow \qquad 2y - 6 = x + 4$

$\Rightarrow \qquad x - 2y + 10 = 0$

**प्रश्न 3. बिंदु (0, 0) से जाने वाली और ढाल $m$ वाली।**

**हल** यहाँ, $(x_1, y_1) = (0, 0)$, प्रवणता = $m$

एक बिंदु के रूप में रेखा की प्रवणता,

$$y - y_1 = m(x - x_1)$$

$\Rightarrow \qquad y - 0 = m(x - 0)$

$\Rightarrow \qquad y = mx$

**प्रश्न 4. बिंदु $(2, 2\sqrt{3})$ से जाने वाली और $x$-अक्ष से 75° के कोण पर झुकी हुई।**

**हल** यहाँ, $(x_1, y_1) = (2, 2\sqrt{3})$

$\Rightarrow \qquad m = \tan 75^\circ$

$= \tan(45^\circ + 30^\circ)$

$= \frac{\tan 45^\circ + \tan 30^\circ}{1 - \tan 45^\circ \tan 30^\circ} \qquad \left[\because \tan(A + B) = \frac{\tan A + \tan B}{1 - \tan A \tan B}\right]$

$\Rightarrow \qquad m = \frac{1 + \frac{1}{\sqrt{3}}}{1 - \frac{1}{\sqrt{3}}} = \frac{\sqrt{3} + 1}{\sqrt{3} - 1}$

$\Rightarrow \qquad m = \frac{\sqrt{3} + 1}{\sqrt{3} - 1} \times \frac{\sqrt{3} + 1}{\sqrt{3} + 1} = \frac{(\sqrt{3} + 1)^2}{3 - 1}$ [अंश तथा हर में $(\sqrt{3} + 1)$ द्वारा गुणा करने पर]

$\Rightarrow \qquad m = \frac{3 + 1 + 2\sqrt{3}}{2} = \frac{4 + 2\sqrt{3}}{2} = 2 + \sqrt{3}$

एक बिंदु के रूप में रेखा का समीकरण,

$$y - y_1 = m(x - x_1)$$


$\Rightarrow \qquad y - 2\sqrt{3} = (2 + \sqrt{3})(x - 2)$

$\Rightarrow \qquad y - 2\sqrt{3} = (2 + \sqrt{3})x - 2(2 + \sqrt{3})$

$\Rightarrow \qquad y - 2\sqrt{3} = (2 + \sqrt{3})x - 4 - 2\sqrt{3}$

$\Rightarrow \qquad (2 + \sqrt{3})x - y - 4 = 0$

**प्रश्न 5. मूलबिंदु के बाईं और $x$-अक्ष को 3 इकाई की दूरी पर प्रतिच्छेद करने तथा ढाल 2 वाली।**




**हल** चूँकि रेखा X-अक्ष को मूलबिंदु के बाईं और प्रतिच्छेदित करती है। इसका अर्थ है कि यह ऋणात्मक $x$-अक्ष पर प्रतिच्छेदित करती है। स्पष्ट है कि रेखा $AB$ बिंदु $(-3, 0)$ से होकर गुजरती है तथा प्रवणता $m = -2$ रखती है।

evidyarthi

एक बिंदु के रूप में रेखा का समीकरण,

$$y - y_1 = m(x - x_1)$$


$\Rightarrow \quad y - 0 = -2(x + 3)$

$\Rightarrow \quad y = -2x - 6$

$\Rightarrow \quad 2x + y + 6 = 0$

**प्रश्न 6. मूलबिंदु से ऊपर $Y$-अक्ष को 2 इकाई की दूरी पर प्रतिच्छेद करने वाली और $X$-अक्ष की धन दिशा के साथ $30°$ का कोण बनाने वाली।**

**हल** चूँकि रेखा $Y$-अक्ष को मूलबिंदु से ऊपर की ओर प्रतिच्छेदित करती है। इसका अर्थ है कि वह धनात्मक $Y$-अक्ष पर प्रतिच्छेदित करती है।




$$m = \tan 30°$$

$$m = \frac{1}{\sqrt{3}}$$

$\therefore$ रेखा का समीकरण, $\quad y = mx + c$

$\Rightarrow \quad y = \frac{1}{\sqrt{3}}x + 2$

$\Rightarrow \quad \sqrt{3}y = x + 2\sqrt{3}$

$\Rightarrow \quad x - \sqrt{3}y + 2\sqrt{3} = 0$

**प्रश्न 7. बिंदुओं $(-1, 1)$ और $(2, -4)$ से जाते हुए।**

**हल** दिए गए बिंदु $A(-1, 1)$ तथा $B(2, -4)$ हैं, तब रेखा $AB$ का समीकरण,

$$y - y_1 = \frac{y_2 - y_1}{x_2 - x_1} \cdot (x - x_1)$$

$\Rightarrow \quad y - 1 = \frac{-4 - 1}{2 + 1}(x + 1) \qquad (\because x_1 = -1, y_1 = 1, x_2 = 2, y_2 = -4)$

$\rightarrow \quad y - 1 = \frac{-5}{3}(x + 1) \Rightarrow 3y - 3 = -5x - 5$


$\Rightarrow \quad 5x + 3y + 2 = 0$

**प्रश्न 8. उस रेखा का समीकरण ज्ञात कीजिए जिसकी मूलबिंदु से लांबिक दूरी 5 इकाई और लंब, धन $X$-अक्ष से $30°$ का कोण बनाती है।**

लंब रूप में रेखा का समीकरण $x\cos\alpha + y\sin\alpha = p$, जहाँ $p$ मूलबिंदु से दी गई रेखा पर लंबवत् दूरी है तथा $\alpha$, $x$-अक्ष की धन दिशा से बनाया गया कोण है

**हल** यहाँ, $p = 5$ तथा $\alpha = 30°$

अतः लंब रूप में रेखा का समीकरण,




$$x\cos\alpha + y\sin\alpha = p$$

$\therefore \quad x\cos 30° + y\sin 30° = 5$

$\Rightarrow \quad \frac{\sqrt{3}}{2}x + \frac{1}{2}y = 5$

$\Rightarrow \quad \sqrt{3}x + y = 10$

eVidyarthi

**प्रश्न 9.** $\Delta PQR$ के शीर्ष $P(2, 1), Q(-2, 3)$ और $R(4, 5)$ हैं। शीर्ष $R$ से जाने वाली माध्यिका का समीकरण ज्ञात कीजिए।

सर्वप्रथम, हम माध्यिका का दूसरा निर्देशांक, मध्य-बिंदु सूत्र के द्वारा ज्ञात करेंगे, जो शीर्ष $R$ के विपरीत भुजा पर है। तत्पश्चात् निम्न रेखा की समीकरण का प्रयोग करेंगे

$$y - y_1 = \frac{y_2 - y_1}{x_2 - x_1}(x - x_1)$$


**हल** चूँकि माध्यिका शीर्ष से विपरीत भुजा को समद्विभाजित करती है अर्थात् $S$, $PQ$ का मध्य-बिंदु होगा।

$$S = \left(\frac{x_1 + x_2}{2}, \frac{y_1 + y_2}{2}\right)$$

$$= \left(\frac{2-2}{2}, \frac{1+3}{2}\right) = \left(0, \frac{4}{2}\right) = (0, 2) \qquad (\because x_1 = 2, y_1 = 1, x_2 = -2, y_1 = 3)$$

$\therefore$ रेखा $RS$ का समीकरण,

$$y - y_1 = \frac{y_2 - y_1}{x_2 - x_1}(x - x_1) \text{ के प्रयोग द्वारा}$$




$$\Rightarrow \quad y - 5 = \frac{2-5}{0-4}(x - 4) \qquad (\because x_1 = 4, y_1 = 5, x_2 = 0, y_2 = 2)$$

$$\Rightarrow \quad y - 5 = \frac{-3}{-4}(x - 4)$$

$$\Rightarrow \quad 4y - 20 = 3x - 12$$


$$\Rightarrow \quad 3x - 4y + 8 = 0$$

**प्रश्न 10.** $(-3, 5)$ से होकर जाने वाली और बिंदु $(2, 5)$ और $(-3, 6)$ से जाने वाली रेखा पर लंब रेखा का समीकरण ज्ञात कीजिए।

सर्वप्रथम, हम आवश्यक रेखा की प्रवणता $(m)$ ज्ञात करेंगे तत्पश्चात् निम्न रेखा की समीकरण का प्रयोग करेंगे,

$$y - y_1 = m(x - x_1)$$

**हल** माना बिंदु $P$ तथा $Q$ के निर्देशांक क्रमशः $(2, 5)$ तथा $(-3, 6)$ हैं, हमें $AB$ की समीकरण ज्ञात करनी है।




माना $AB$ की प्रवणता $m$ है।

चूँकि $AB \perp PQ$

$\therefore$ $AB$ की प्रवणता $\times$ $PQ$ की प्रवणता $= -1$ $\quad [\because m_1 \times m_2 = -1]$

$$\Rightarrow \quad m \times \frac{y_2 - y_1}{x_2 - x_1} = -1$$

$$\Rightarrow \quad m \times \frac{6-5}{-3-2} = -1 \quad \left(\because PQ \text{ की प्रवणता } = \frac{6-5}{-3-2}\right)$$

$$\Rightarrow \quad m \times \frac{1}{-5} = -1$$

$$\Rightarrow \quad m = 5$$

$\therefore$ रेखा $AB$ का समीकरण,

$$y - y_1 = m(x - x_1)$$


$$y - 5 = 5(x + 3) \quad (\because x_1 = -3, y_1 = 5)$$

$$\Rightarrow \quad y - 5 = 5x + 15$$

$$\Rightarrow \quad 5x - y + 20 = 0$$

**प्रश्न 11. एक रेखा (1, 0) तथा (2, 3) बिंदुओं को मिलाने वाली रेखाखंड पर लंब है तथा उसको $1:n$ के अनुपात में विभाजित करती है। रेखा का समीकरण ज्ञात कीजिए।**

**हल** माना दिए हुए बिंदु $A$ तथा $B$ के निर्देशांक क्रमशः (1, 0) तथा (2, 3) हैं। माना रेखा $PQ$, रेखा $AB$ को अनुपात $1:n$ में बिंदु $R$ पर विभक्त करती है।




अंतः विभाजन सूत्र से,

$$R = \left(\frac{1 \times x_2 + n \times x_1}{1+n}, \frac{1 \times y_2 + n \times y_1}{1+n}\right)$$

$$= \left(\frac{1 \times 2 + n \times 1}{1+n}, \frac{1 \times 3 + n \times 0}{1+n}\right) \quad (\because x_1 = 1, y_1 = 0, x_2 = 2, y_2 = 3)$$

$$= \left(\frac{n+2}{n+1}, \frac{3}{1+n}\right)$$

तथा $PQ \perp AB$

माना रेखा $PQ$ की प्रवणता $m$ है।

eVidyarthi

$\therefore$ $PQ$ रेखा की प्रवणता $\times$ $AB$ रेखा की प्रवणता $= -1$ $\quad (\because m_1 \times m_2 = -1)$

$$\Rightarrow \quad m \times \frac{y_2 - y_1}{x_2 - x_1} = -1$$

$$\Rightarrow \quad m \times \frac{3-0}{2-1} = -1 \quad (\because x_1 = 1, y_1 = 0, x_2 = 2, y_2 = 3)$$

$$\Rightarrow \quad m \times 3 = -1 \Rightarrow m = -\frac{1}{3}$$

अब, रेखा $PQ$ का समीकरण,

$y - y_1 = m(x - x_1)$ के प्रयोग द्वारा

$$\Rightarrow \quad y - \frac{3}{1+n} = \frac{-1}{3}\left(x - \frac{n+2}{n+1}\right) \quad \left[\because R\left(\frac{n+2}{n+1}, \frac{3}{1+n}\right) = (x_1, y_1)\right]$$

$$\Rightarrow \quad \frac{3(n+1)y - 9}{1+n} = \frac{-x(n+1) + (n+2)}{n+1}$$

$$\Rightarrow \quad 3(n+1)y - 9 = -x(n+1) + (n+2)$$

$$\Rightarrow \quad x(n+1) + 3(n+1)y = n + 2 + 9$$

$$\Rightarrow \quad x(n+1) + 3(n+1)y = n + 11$$

**प्रश्न 12. एक रेखा का समीकरण ज्ञात कीजिए जो निर्देशांकों से समान अंत:खंड काटती है और बिंदु (2, 3) से जाती है।**

रेखा का अंत:खंड रूप में समीकरण $\frac{x}{a} + \frac{y}{b} = 1$ होता है।

**हल** रेखा का अंत:खंड रूप में समीकरण,

$$\frac{x}{a} + \frac{y}{b} = 1 \quad \ldots(i)$$

चूँकि रेखा निर्देशांकों से समान अंत:खंड काटती है अर्थात्

$$a = b$$

$\therefore$ समी (i) से,

$$\frac{x}{a} + \frac{y}{a} = 1$$

$$\Rightarrow \quad x + y = a \quad \ldots(ii)$$

रेखा (ii) बिंदु (2, 3) से होकर गुजरती है अर्थात् ये रेखा (ii) को संतुष्ट करेगी।

$$\Rightarrow \quad 2 + 3 = a \Rightarrow a = 5$$

$a$ का मान समी (ii) में रखने पर हम पाते हैं,

$$x + y = 5$$

**प्रश्न 13. बिंदु (2, 2) से जाने वाली रेखा का समीकरण ज्ञात कीजिए जिसके द्वारा अक्षों से कटे अंत:खंडों का योग 9 है।**

**हल** अंत:खंड रूप में रेखा का समीकरण,

$$\frac{x}{a} + \frac{y}{b} = 1 \quad \ldots(i)$$

दिया है,

$$a + b = 9 \quad \ldots(ii)$$



evidyarthi

चूँकि रेखा (i) बिंदु (2, 2) से होकर गुजरती है अर्थात् ये रेखा (i) को संतुष्ट करेगी अर्थात् समी (i) में $x = 2$ तथा $y = 2$ रखने पर,

$$\Rightarrow \quad \frac{2}{a} + \frac{2}{b} = 1 \quad \ldots\text{(iii)}$$

$a$ तथा $b$ के मान ज्ञात करने के लिए समी (ii) तथा (iii) को हल करने पर,
समी (ii) से, $b = 9 - a$ समी (iii) में रखने पर हम पाते हैं,

$$\frac{2}{a} + \frac{2}{9-a} = 1$$

$$\Rightarrow \quad 2(9-a) + 2a = a(9-a)$$

$$\Rightarrow \quad 18 - 2a + 2a = 9a - a^2$$

$$\Rightarrow \quad a^2 - 9a + 18 = 0$$

गुणनखंड विधि से मध्य पद को विभक्त करने पर,

$$\Rightarrow \quad a^2 - 6a - 3a + 18 = 0$$

$$\Rightarrow \quad a(a-6) - 3(a-6) = 0$$

$$\Rightarrow \quad (a-6)(a-3) = 0$$

$$\Rightarrow \quad a = 6 \text{ या } 3 \quad \Rightarrow \quad b = 3 \text{ या } 6$$

अतः समी (i) से,

$$\frac{x}{6} + \frac{y}{3} = 1 \quad \text{या} \quad \frac{x}{3} + \frac{y}{6} = 1$$

$$\Rightarrow \quad 3x + 6y = 18$$

$$\text{या} \quad 6x + 3y = 18$$


$$\Rightarrow \quad x + 2y = 6$$

$$\text{या} \quad 2x + y = 6 \quad \text{(3 से भाग करने पर)}$$

**प्रश्न 14.** बिंदु (0, 2) से जाने वाली और धन $x$-अक्ष से $\frac{2\pi}{3}$ के कोण बनाने वाली रेखा का समीकरण ज्ञात कीजिए। इसके समांतर और $Y$-अक्ष को मूलबिंदु से 2 इकाई नीचे की दूरी पर प्रतिच्छेद करती हुई रेखा का समीकरण भी ज्ञात कीजिए।

**हल** ∵ $m = \tan\theta = \tan\frac{2\pi}{3}$

$$= \tan\left(\pi - \frac{\pi}{3}\right) = -\tan\frac{\pi}{3} \quad [\because \tan(\pi - \theta) = -\tan\theta]$$




$$m = -\sqrt{3}$$

eVidyarthi

अतः बिंदु $A(0, 2)$ से होकर जाने वाली रेखा $AC$ का समीकरण, $y - y_1 = m(x - x_1)$ के प्रयोग द्वारा,

$$\Rightarrow \quad y - 2 = -\sqrt{3}(x - 0) \qquad (\because x_1 = 0, y_1 = 2)$$

$$\Rightarrow \quad y - 2 = -\sqrt{3}x$$

$$\Rightarrow \quad \sqrt{3}x + y - 2 = 0$$

तथा रेखा $BD$, $Y$-अक्ष के नीचे प्रतिच्छेदित करती है। इसका अर्थ है कि $Y$ का निर्देशांक ऋणात्मक तथा $X$ का निर्देशांक शून्य है अर्थात् बिंदु $(0, -2)$ है।


अतः बिंदु $B(0, -2)$ से होकर जाने वाली रेखा का समीकरण,

$$y + 2 = -\sqrt{3}(x - 0) \qquad [\because y - y_1 = m(x - x_1)]$$

$$\Rightarrow \quad \sqrt{3}x + y + 2 = 0$$

**प्रश्न 15. मूलबिंदु से किसी रेखा पर डाला गया लंब रेखा से बिंदु (– 2, 9) पर मिलता है। रेखा का समीकरण ज्ञात कीजिए।**

हमें रेखा $PQ$ का समीकरण ज्ञात करना है, जिसके लिए हमें $PQ$ की प्रवणता ज्ञात करनी है।




**हल** चूँकि $PQ \perp OR$

$\therefore$ $PQ$ की प्रवणता $\times$ $OR$ की प्रवणता $= -1$ $(\because m_1 \times m_2 = -1)$

$$\Rightarrow \quad m \times \frac{y_2 - y_1}{x_2 - x_1} = -1$$

$$\Rightarrow \quad m \times \frac{9 - 0}{-2 - 0} = -1 \qquad (\because x_1 = 0, y_1 = 0, x_2 = -2, y_2 = 9)$$

$$\Rightarrow \quad m \times \frac{9}{-2} = -1$$

$$\Rightarrow \quad m = \frac{2}{9}$$

अब, $PQ$ का समीकरण,

$y - y_1 = m(x - x_1)$ के प्रयोग द्वारा

$$y - 9 = \frac{2}{9}(x + 2) \qquad (\because x_1 = -2, y = 9)$$

$$\Rightarrow \quad 9y - 81 = 2x + 4$$

$$\Rightarrow \quad 2x - 9y + 85 = 0$$

**प्रश्न 16. ताँबे की छड़ की लंबाई $L$ (सेमी में) सेल्सियस ताप $C$ का रैखिक फलन है। एक प्रयोग में यदि $L = 124.942$ जब $C = 20$ और $L = 125.134$ जब $C = 110$ हो, तो $L$ को $C$ के पदों में व्यक्त कीजिए।**

**हल** दिया है, $L = 124.942$ जब $C = 20$ तथा $L = 125.134$ जब $C = 110$

$\therefore$ निर्देशांक रूप में $(20, 124.942)$ तथा $(110, 125.134)$ दो बिंदु हैं।

रेखीय फलन का समीकरण अर्थात् रेखा को इस प्रकार ले सकते हैं,

$$L - L_1 = \frac{L_2 - L_1}{C_2 - C_1}(C - C_1) \qquad \left[\because y - y_1 = \frac{y_2 - y_1}{x_2 - x_1}(x - x_1)\right]$$

eVidyarthi

$\Rightarrow \quad L - 124.942 = \dfrac{125.134 - 124.942}{110 - 20}(C - 20)$

$\Rightarrow \quad L - 124.942 = \dfrac{0.192}{90}(C - 20)$

$\Rightarrow \quad L = \dfrac{0.192}{90}(C - 20) + 124.942$

**प्रश्न 17.** **किसी दूध भंडार का स्वामी प्रति सप्ताह 980 लीटर दूध ₹ 14 प्रति लीटर के भाव से और 1220 लीटर दूध ₹ 16 प्रति लीटर के भाव से बेच सकता है। विक्रय मूल्य तथा मांग के मध्य के संबंध को रैखिक मानते हुए यह ज्ञात कीजिए कि प्रति सप्ताह वह कितना दूध ₹ 17 प्रति लीटर के भाव से बेच सकता है?**

**हल** माना विक्रय मूल्य तथा मांग (लीटर) क्रमित युग्म $(x, y)$ में निरूपित है, जहाँ ₹ $x$ प्रति लीटर तथा $y$ दूध की मात्रा (लीटर में) निरूपित करता है।

दिया है, (14, 980) तथा (16, 1220) दो बिंदुओं के निर्देशांक हैं।

माना रेखीय संबंध अर्थात् रेखीय समीकरण,

$$y - y_1 = \frac{y_2 - y_1}{x_2 - x_1}(x - x_1)$$

$\Rightarrow \quad y - 980 = \dfrac{1220 - 980}{16 - 14}(x - 14)$

$\Rightarrow \quad y - 980 = \dfrac{240}{2}(x - 14)$

$(\because x_1 = 14, y_1 = 980, x_2 = 16, y_2 = 1220)$

$\Rightarrow \quad y - 980 = 120(x - 14)$

$\Rightarrow \quad y - 980 = 120x - 120 \times 14$

$\Rightarrow \quad 120x - y = 1680 - 980$

$\Rightarrow \quad 120x - y = 700$

जब मूल्य $x = 17$, तब

$$120 \times 17 - y = 700$$

$\Rightarrow \quad y = 2040 - 700$

$\Rightarrow \quad y = 1340$

अतः वह 1340 लीटर दूध प्रति सप्ताह ₹ 17 लीटर की दर से बेचेगा।

**प्रश्न 18.** **अक्षों के बीच रेखाखंड का मध्य-बिंदु $P(a, b)$ है। दिखाइए कि रेखा का समीकरण $\dfrac{x}{a} + \dfrac{y}{b} = 2$ है।**


रेखा का अंतःखंड रूप $\dfrac{x}{a} + \dfrac{y}{b} = 1$ का प्रयोग करेंगे।

**हल** माना रेखा $AB$ का समीकरण,

$$\frac{x}{h} + \frac{y}{k} = 1 \qquad \ldots(i)$$

जहाँ, $h$ तथा $k$ रेखा द्वारा क्रमशः $X$-अक्ष तथा $Y$-अक्ष पर बनाए अंतःखंड है।

eVidyarthi




$AB$ का मध्य-बिंदु $= \left(\dfrac{x_1 + x_2}{2}, \dfrac{y_1 + y_2}{2}\right) = \left(\dfrac{h+0}{2}, \dfrac{0+k}{2}\right)$

$(\because x_1 = h, y_1 = 0, x_2 = 0, y_2 = k)$

$\because P(a, b)$, रेखा $AB$ का मध्य-बिंदु है अर्थात्

$$\frac{h+0}{2} = a \quad \text{तथा} \quad \frac{0+k}{2} = b$$

$\Rightarrow$ $h = 2a$ तथा $k = 2b$

समी (i) में $h$ तथा $k$ के मान रखने पर हम प्राप्त करते हैं,

$$\frac{x}{2a} + \frac{y}{2b} = 1 \Rightarrow \frac{x}{a} + \frac{y}{b} = 2$$ इति सिद्धम्

**प्रश्न 19. अक्षों के बीच रेखाखंड को बिंदु $R(h, k)$, 1 : 2 के अनुपात में विभक्त करता है। रेखा का समीकरण ज्ञात कीजिए।**

रेखा के अंतःखंड रूप $\frac{x}{a} + \frac{y}{b} = 1$ का प्रयोग करके इसे सरल करेंगे।

**हल** माना रेखा $AB$ का समीकरण,

$$\frac{x}{a} + \frac{y}{b} = 1 \quad \text{...(i)}$$

माना बिंदु $R(h, k)$, रेखा $AB$ को अनुपात 1 : 2 में विभक्त करता है।

अतः विभाजन सूत्र द्वारा,


$$R(h, k) = \left(\frac{1x_2 + 2x_1}{1+2}, \frac{1y_2 + 2y_1}{1+2}\right)$$

$$\Rightarrow \quad h = \frac{1 \times 0 + 2 \times a}{1+2}, k = \frac{1 \times b + 2 \times 0}{1+2}$$

[$\because$ बिंदु $P(x, y)$, रेखा $AB$ जिसके निर्देशांक क्रमशः $A(x_1, y_1)$ तथा $B(x_2, y_2)$ हैं, को अनुपात $m : n$ में अंतः विभाजित करता है।]

$$\therefore \quad P(x, y) = \left[\left(\frac{nx_2 + mx_1}{n+m}, \frac{ny_2 + my_1}{n+m}\right)\right]$$

$$\Rightarrow \quad h = \frac{2a}{3}, k = \frac{b}{3} \Rightarrow a = \frac{3h}{2}, b = 3k$$




eVidyarthi

समी (i) में $a$ तथा $b$ के मान रखने पर हम प्राप्त करते हैं,

$$\frac{x}{\frac{3h}{2}} + \frac{y}{3k} = 1 \quad \Rightarrow \quad \frac{2x}{3h} + \frac{y}{3k} = 1$$

$$\Rightarrow \quad \frac{2kx + hy}{3hk} = 1 \quad \Rightarrow \quad 2kx + hy = 3hk$$

**प्रश्न 20.** रेखा के समीकरण की संकल्पना का प्रयोग करते हुए सिद्ध कीजिए कि तीन बिंदु (3, 0) (− 2, − 2) और (8, 2) हैं।

> किंही दो बिंदुओं को लेकर एक रेखा की समीकरण ज्ञात करेंगे। अब, यदि तीसरा बिंदु इस रेखा की समीकरण को संतुष्ट करेगा, तब तीनों बिंदु संरेखीय होंगे।

**हल** माना दिए गए बिंदु $A(3, 0)$, $B(-2, -2)$ तथा $C(8, 2)$ हैं।

रेखा $AB$ का समीकरण,

$$y - y_1 = \frac{y_2 - y_1}{x_2 - x_1}(x - x_1)$$

$$y - 0 = \frac{-2 - 0}{-2 - 3}(x - 3) \qquad (\because x_1 = 3, y_1 = 0, x_2 = -2, y_2 = -2)$$

$$\Rightarrow \quad y = \frac{-2}{-5}(x - 3)$$

$$\Rightarrow \quad 5y = 2x - 6$$

$$\Rightarrow \quad 2x - 5y - 6 = 0 \qquad \ldots(i)$$

समी (i) में बिंदु $C(8, 2)$ रखने पर हम प्राप्त करते हैं,

$$2 \times 8 - 5 \times 2 - 6 = 0$$

$$\Rightarrow \quad 16 - 10 - 6 = 0$$

$$\Rightarrow \quad 16 - 16 = 0$$

$$\Rightarrow \quad 0 = 0$$

अतः बिंदु $A$, $B$ तथा $C$ संरेखीय हैं।

## प्रश्नावली 10.3

**प्रश्न 1.** निम्नलिखित समीकरणों को ढाल, अंतःखंड रूप में रूपांतरित कीजिए और उनके ढाल तथा $Y$-अंतःखंड ज्ञात कीजिए।

(a) $x + 7y = 0$ (b) $6x + 3y - 5 = 0$ (c) $y = 0$

> रेखा का प्रवणता रूप में समीकरण का प्रयोग करेंगे तत्पश्चात् $m$ तथा $c$ का मान ज्ञात करेंगे।

**हल** (a) दिया है, $x + 7y = 0 \Rightarrow 7y = -x \Rightarrow y = -\frac{1}{7}x + 0$

$y = mx + c$ के साथ तुलना करने पर हम पाते हैं,

$$m = -\frac{1}{7}, \quad c = 0$$

(b) दिया है, $6x + 3y - 5 = 0$

$\Rightarrow \quad 3y = -6x + 5$

$\Rightarrow \quad y = \frac{-6}{3}x + \frac{5}{3} \quad \Rightarrow \quad y = -2x + \frac{5}{3}$

$y = mx + c$ के साथ तुलना करने पर हम पाते हैं,

$$m = -2, c = \frac{5}{3}$$

(c) दिया है, $y = 0$

$\Rightarrow \quad y = 0x + 0$

$y = mx + c$ के साथ तुलना करने पर हम पाते हैं,

$\Rightarrow \quad m = 0, c = 0$

**प्रश्न 2. निम्नलिखित समीकरणों को अंतःखंड रूप में रूपांतरित कीजिए और अक्षों पर इनके द्वारा काटे गए अंतःखंड ज्ञात कीजिए।**

**(a) $3x + 2y - 12 = 0$ (b) $4x - 3y = 6$ (c) $3y + 2 = 0$**

दी हुई समीकरण को अंतःखंड रूप $\frac{x}{a} + \frac{y}{b} = 1$ में बदलेंगे, जहाँ $a$ तथा $b$ अक्षों पर अंतःखंड हैं।

**हल** (a) दिया है, $3x + 2y = 12$

$\Rightarrow \quad \frac{3x}{12} + \frac{2y}{12} = 1 \quad \Rightarrow \quad \frac{x}{4} + \frac{y}{6} = 1$

$\frac{x}{a} + \frac{y}{b} = 1$ के साथ तुलना करने पर, $a = 4, b = 6$

$\therefore$ $X$-अंतःखंड = 4 तथा $Y$-अंतःखंड = 6

(b) दिया है, $4x - 3y = 6$

$\Rightarrow \quad \frac{4x}{6} - \frac{3y}{6} = 1 \quad \Rightarrow \quad \frac{x}{\frac{6}{4}} - \frac{y}{2} = 1 \quad \Rightarrow \quad \frac{x}{\frac{3}{2}} + \frac{y}{(-2)} = 1$

$\frac{x}{a} + \frac{y}{b} = 1$ के साथ तुलना करने पर हम पाते हैं

$$X\text{-अंतःखंड} = \frac{3}{2} \text{ तथा } Y\text{-अंतःखंड} = -2$$

(c) दिया है, $3y + 2 = 0$

$\Rightarrow \quad 3y = -2 \quad \Rightarrow \quad y = -\frac{2}{3}$ या $0x + \frac{y}{(-2/3)} = 1$

$\frac{x}{a} + \frac{y}{b} = 1$ के साथ तुलना करने पर हम पाते हैं,

$Y$-अक्ष के साथ अंतःखंड $= -\frac{2}{3}$ तथा $x$-अक्ष पर कोई अंतःखंड नहीं है

eVidyarthi

**प्रश्न 3.** निम्नलिखित समीकरणों को लंब रूप में रूपांतरित कीजिए। उनकी मूलबिंदु से लांबिक दूरियाँ और लंब तथा धन $x$-अक्ष के बीच का कोण ज्ञात कीजिए।

(a) $x - \sqrt{3}y + 8 = 0$ (b) $y - 2 = 0$ (c) $x - y = 4$

$ax + by = c$ के रूप की कोई भी समीकरण को लंब रूप ($x\cos\alpha + y\sin\alpha = p$) में प्रत्येक पद को $\sqrt{a^2+b^2}$ द्वारा भाग देने से रूपांतरित किया जा सकता है

अर्थात् $\frac{a}{\sqrt{a^2+b^2}}x + \frac{b}{\sqrt{a^2+b^2}}y = \frac{c}{\sqrt{a^2+b^2}}$

**हल** (a) दी गई रेखा का समीकरण है,

$$x - \sqrt{3}y + 8 = 0$$

$$\Rightarrow \quad x - \sqrt{3}y = -8$$

$$\Rightarrow \quad -x + \sqrt{3}y = 8 \quad \ldots(i)$$

अब, $\sqrt{(x \text{ का गुणांक})^2 + (y \text{ का गुणांक})^2}$ द्वारा भाग देने पर हम पाते हैं,

$$\sqrt{(-1)^2 + (\sqrt{3})^2} = \sqrt{1+3} = 2$$

$$-\frac{1}{2}x + \frac{\sqrt{3}}{2}y = \frac{8}{2}$$

$$\Rightarrow \quad -\cos 60^\circ x + \sin 60^\circ y = 4$$

($\because x\cos\alpha + y\sin\alpha = p$ के रूप में रूपांतरित करने पर)

($\because \cos x$ ऋणात्मक तथा $\sin x$ धनात्मक है जोकि द्वितीय चतुर्थांश में ही संभव है।)

$$\Rightarrow \quad x\cos(180^\circ - 60^\circ) + y\sin(180^\circ - 60^\circ) = 4$$

$$\Rightarrow \quad x\cos 120^\circ + y\sin 120^\circ = 4$$

[$\because$ $\cos(180^\circ - \theta) = -\sin\theta$

तथा $\sin(180^\circ - \theta) = \cos\theta$

$x\cos\alpha + y\sin\alpha = p$ से तुलना करने पर हम पाते हैं,

$$\alpha = 120^\circ \text{ तथा } p = 4$$

(b) दी गई रेखा का समीकरण है,

$$y - 2 = 0 \quad \ldots(i)$$

अब, $\sqrt{(x \text{ का गुणांक})^2 + (y \text{ का गुणांक})^2}$ द्वारा भाग करने पर,

अर्थात् $\sqrt{0 + 1^2} = 1$ हम पाते हैं,

$$\frac{0x}{1} + \frac{y}{1} = \frac{2}{1}$$

या $\quad x\cos 90^\circ + y\sin 90^\circ = 2$

$x\cos\alpha + y\sin\alpha = p$ के साथ तुलना करने पर हम पाते हैं,

$$\alpha = 90^\circ \text{ और } p = 2$$

(c) दी गई रेखा का समीकरण

$$x - y = 4$$

उपरोक्त समीकरण को $\sqrt{(x \text{ का गुणांक})^2 + (y \text{ का गुणांक})^2}$ द्वारा भाग करने पर,

अर्थात् $\sqrt{(1)^2 + (-1)^2} = \sqrt{2}$, हम पाते हैं,



eVidyarthi

$$\frac{1}{\sqrt{2}}x - \frac{1}{\sqrt{2}}y = \frac{4}{\sqrt{2}}$$

$\Rightarrow$ $$\cos 45^\circ\, x - \sin 45^\circ\, y = 2\sqrt{2}$$

($\because \cos x$ धनात्मक तथा $\sin x$ ऋणात्मक है, जोकि केवल चतुर्थ चतुर्थांश में ही संभव है)

$\Rightarrow$ $$x\cos(360^\circ - 45^\circ) + y\sin(360^\circ - 45^\circ) = 2\sqrt{2}$$

[$\because \cos(360^\circ - \theta) = \cos\theta$ तथा $\sin(360^\circ - \theta) = -\sin\theta$]

$\Rightarrow$ $$x\cos 315^\circ + y\sin 315^\circ = 2\sqrt{2}$$

$x\cos\alpha + y\sin\alpha = p$ के साथ तुलना करने पर हम पाते हैं,


$$\alpha = 315^\circ \quad \text{तथा} \quad p = 2\sqrt{2}$$

> **नोट** *विद्यार्थी हमेशा याद रखें कि दी गई समीकरण का दायाँ पक्ष हमेशा धनात्मक होना जरूरी है चूँकि लंबवत् दूरी की लम्बाई ऋणात्मक नहीं हो सकती है।*

**प्रश्न 4. बिंदु $(-1, 1)$ की रेखा $12(x + 6) = 5(y - 2)$ से दूरी ज्ञात कीजिए।**

(प्र. सं. 4 - 5) बिंदु $(h, k)$ की रेखा $ax + by + c = 0$ से दूरी, $d = \frac{|ah + bk + c|}{\sqrt{a^2 + b^2}}$ है।

**हल** दी गई रेखा का समीकरण,




$$12(x + 6) = 5(y - 2)$$

$\Rightarrow$ $$12x + 72 = 5y - 10$$

$\Rightarrow$ $$12x - 5y + 82 = 0$$

अतः बिंदु $(-1, 1)$ से दूरी, $d = \left|\frac{12 \times (-1) - 5 \times 1 + 82}{\sqrt{(12)^2 + (-5)^2}}\right|$

$$\left[\because d = \left|\frac{ax_1 + by_1 + c}{\sqrt{a^2 + b^2}}\right|; x_1 = -1, y_1 = 1; a = 12, b = -5, c = 82\right]$$

$$= \left|\frac{-12 - 5 + 82}{\sqrt{144 + 25}}\right| = \left|\frac{82 - 17}{\sqrt{169}}\right| = \frac{65}{13} = 5$$

**प्रश्न 5. $X$-अक्ष पर बिंदुओ को ज्ञात कीजिए जिनकी रेखा $\frac{x}{3} + \frac{y}{4} = 1$ से दूरियाँ 4 इकाई हैं।**

**हल** माना $X$-अक्ष पर कोई बिंदु $(h, 0)$ है, चूँकि $X$-अक्ष पर $Y$-निर्देशांक शून्य होगा।

दी गई रेखा का समीकरण,

$$\frac{x}{3} + \frac{y}{4} = 1 \Rightarrow 4x + 3y = 12 \qquad \text{...(i)}$$

$\therefore$ बिंदु $(h, 0)$ की रेखा (i) से दूरी है,

$$d = \left|\frac{ax_1 + by_1 + c}{\sqrt{a^2 + b^2}}\right|$$

eVidyarthi

$\Rightarrow \quad 4 = \left|\dfrac{4\times h + 3\times 0 - 12}{\sqrt{4^2+3^2}}\right| \quad (\because a = 4, b = 3, c = 12, x_1 = h, y_1 = 0)$

$\Rightarrow \quad \left|\dfrac{4h-12}{5}\right| = 4$

$\Rightarrow \quad |4h - 12| = 20$

$\Rightarrow \quad 4h - 12 = \pm 20$

धनात्मक चिन्ह लेने पर,

$4h - 12 = 20$

$\Rightarrow \quad 4h = 32$

$\Rightarrow \quad h = 8$

ऋणात्मक चिन्ह लेने पर,

$4h - 12 = -20$

$\Rightarrow \quad 4h = -8$

$\Rightarrow \quad h = -2$

अतः $x$-अक्ष पर बिंदु (8, 0) तथा (– 2, 0) हैं।

**प्रश्न 6.** समांतर रेखाओं के बीच की दूरी ज्ञात कीजिए।

(i) $15x + 8y - 34 = 0$ और $15x + 8y + 31 = 0$

(ii) $l(x + y) + p = 0$ और $l(x + y) - r = 0$

दो समांतर रेखाओं $ax + by + c = 0$ तथा $ax + by + d = 0$ के बीच की दूरी

$$\left|\frac{c-d}{\sqrt{a^2+b^2}}\right| \text{ होती है।}$$

**हल** (i) दी गई रेखाएँ $15x + 8y - 34 = 0$ तथा $15x + 8y + 31 = 0$ समांतर हैं।

$\therefore$ दो समांतर रेखाओं के बीच की दूरी

$$= \left|\frac{c-d}{\sqrt{a^2+b^2}}\right| = \left|\frac{-34-31}{\sqrt{15^2+8^2}}\right| \quad (\because c = -34, d = 31, a = 15, b = 8)$$

$$= \frac{|-65|}{\sqrt{225+64}} = \frac{65}{\sqrt{289}} = \frac{65}{17} \text{ इकाई}$$

(ii) दी गई रेखाएँ $lx + ly + h = 0$ तथा $lx + ly - r = 0$ समांतर हैं।

$$\therefore \text{ अभीष्ट दूरी} = \left|\frac{c-d}{\sqrt{a^2+b^2}}\right| = \left|\frac{h+r}{\sqrt{l^2+l^2}}\right| = \left|\frac{h+r}{\sqrt{2}l}\right| \quad (\because a = l, b = l, c = h, d = -r)$$

**प्रश्न 7.** रेखा $3x - 4y + 2 = 0$ के समांतर और बिंदु (– 2, 3) से जाने वाली रेखा का समीकरण ज्ञात कीजिए।

रेखा $ax + by + c = 0$ के समांतर कोई रेखा $ax + by + k = 0$ होती है अर्थात् केवल अचर पद परिवर्तित होता है या $ax + by = k$

**हल** दी गई रेखा का समीकरण है,

$$3x - 4y + 2 = 0 \quad \ldots(i)$$

समी (i) के समांतर रेखा का समीकरण है,

$$3x - 4y + k = 0 \quad \ldots(ii)$$

∵ रेखा (ii) बिंदु (– 2, 3) से होकर गुजरती है अर्थात् समी (ii) में $x = -2$ व $y = 3$ रखने पर,

$$\therefore \quad 3(-2) - 4 \times 3 + k = 0$$

$$\Rightarrow \quad -6 - 12 + k = 0$$

$$\Rightarrow \quad k = 18$$

समी (i) में $k = 18$ रखने पर हम पाते हैं,

$$3x - 4y + 18 = 0$$

**प्रश्न 8.** **रेखा $x - 7y + 5 = 0$ पर लंब और $x$-अंतःखंड 3 वाली रेखा का समीकरण ज्ञात कीजिए।**

रेखा $ax + by + c = 0$ के लंबवत् रेखा का समीकरण $bx - ay + k = 0$ या $bx - ay = k$ का प्रयोग करेंगे।

**हल** दी गई रेखा का समीकरण है,

$$x - 7y + 5 = 0 \quad \ldots(i)$$

समी (i) के लम्बवत् रेखा का समीकरण है,

$$7x + y + k = 0 \quad \ldots(ii)$$

∵ रेखा (ii) बिंदु (3, 0) से होकर गुजरती है।

अर्थात् समी (ii) में $x = 3, y = 0$ रखने पर,

$$\therefore \quad 7 \times 3 + 0 + k = 0$$

$$\Rightarrow \quad k = -21$$

समी (ii) में $k = -21$ रखने पर हम पाते हैं, $7x + y - 21 = 0$

**प्रश्न 9.** **रेखाओं $\sqrt{3}x + y = 1$ और $x + \sqrt{3}y = 1$ के बीच का कोण ज्ञात कीजिए।**

दो रेखाओं $y = m_1x + c_1$ तथा $y = m_2x + c_2$ के बीच का कोण ज्ञात करने के लिए सूत्र

$$\tan\theta = \left|\frac{m_1 - m_2}{1 + m_1m_2}\right| \text{ का प्रयोग करेंगे।}$$

**हल** दी गई रेखाओं के समीकरण हैं,

$$\sqrt{3}x + y = 1$$

$$\Rightarrow \quad y = -\sqrt{3}x + 1 \quad \text{तथा} \quad x + \sqrt{3}y = 1$$

$$\Rightarrow \quad \sqrt{3}y = -x + 1$$

$$\Rightarrow \quad y = \frac{-1}{\sqrt{3}}x + \frac{1}{\sqrt{3}}$$

$y = m_1x + c_1$ तथा $y = m_2x + c_2$ के साथ तुलना करने पर हम प्राप्त करते हैं,

$$m_1 = -\sqrt{3} \text{ तथा } m_2 = -\frac{1}{\sqrt{3}}$$

$$\therefore \quad \tan\theta = \left|\frac{-\sqrt{3} - \left(-\frac{1}{\sqrt{3}}\right)}{1 + (-\sqrt{3})\left(-\frac{1}{\sqrt{3}}\right)}\right| \quad \left[\because \tan\theta = \left|\frac{m_1 - m_2}{1 + m_1m_2}\right|\right]$$



eVidyarthi

$$\Rightarrow \quad \tan\theta = \left|\frac{-\sqrt{3}+\frac{1}{\sqrt{3}}}{1+1}\right| = \left|\frac{\frac{-3+1}{\sqrt{3}}}{2}\right|$$

$$\Rightarrow \quad \tan\theta = \frac{1}{\sqrt{3}}$$

$$\Rightarrow \quad \tan\theta = \tan 30^\circ$$

$$\Rightarrow \quad \theta = 30^\circ$$

**प्रश्न 10.** बिंदुओं $(h, 3)$ और $(4, 1)$ से जाने वाली रेखा, $7x - 9y - 19 = 0$ को समकोण पर प्रतिच्छेदित करती है। $h$ का मान ज्ञात कीजिए।

**हल** दो बिंदुओं $(h, 3)$ तथा $(4, 1)$ से जाने वाली रेखा के समीकरणों के लिए

$y - y_1 = \frac{y_2 - y_1}{x_2 - x_1}(x - x_1)$ का प्रयोग करने पर,

$$\Rightarrow \quad y - 3 = \frac{1-3}{4-h}(x-h) \qquad [\because x_1 = h, y_1 = 3, x_2 = 4, y_2 = 1]$$

$$\Rightarrow \quad y - 3 = \frac{-2}{4-h}(x-h) \Rightarrow y - 3 = -\frac{2x}{4-h} + \frac{2h}{4-h}$$

$$\Rightarrow \quad y = -\frac{2x}{4-h} + \left(3 + \frac{2h}{4-h}\right) = 0 \qquad \ldots(i)$$

दी गई रेखा का समीकरण है,

$$7x - 9y - 19 = 0$$

$$\Rightarrow \quad y = \frac{7}{9}x - \frac{19}{9} \qquad \ldots(ii)$$

रेखाओं के समी (i) तथा (ii) की $y = mx + c$ के साथ तुलना करने पर,

$$\therefore \quad m_1 = -\frac{2}{4-h} \quad \text{तथा} \quad m_2 = \frac{7}{9}$$

$\because$ रेखाएँ (i) तथा (ii) एक-दूसरे पर लंबवत् है अर्थात्

रेखा (i) की प्रवणता $\times$ रेखा (ii) की प्रवणता $= -1$

$$\therefore \quad m_1 m_2 = -1$$

$$\Rightarrow \quad -\frac{2}{4-h} \times \frac{7}{9} = -1$$

$$\Rightarrow \quad 14 = 9(4-h)$$

$$\Rightarrow \quad 14 = 36 - 9h$$

$$\Rightarrow \quad 9h = 22$$

$$\Rightarrow \quad h = \frac{22}{9}$$

**प्रश्न 11.** सिद्ध कीजिए कि बिंदु $(x_1, y_1)$ से जाने वाली और रेखा $Ax + By + C = 0$ के समांतर रेखा का समीकरण $A(x - x_1) + B(y - y_1) = 0$ है।

रेखा $Ax + By + C = 0$ के समांतर रेखा का समीकरण $Ax + By + K = 0$ होता है।

**हल** दी गई रेखा की समीकरण है,

$$Ax + By + C = 0 \qquad \ldots(i)$$

समी (i) के समांतर रेखा का समीकरण,

$$Ax + By + K = 0 \qquad \ldots(ii)$$

रेखा (ii) बिंदु $(x_1, y_1)$ से होकर जाती है अर्थात् ये रेखा (ii) को संतुष्ट करेगा।

$\therefore$ $$Ax_1 + By_1 + K = 0 \Rightarrow K = -(Ax_1 + By_1)$$

$k$ का मान समी (ii) में रखने पर,

$\Rightarrow$ $$Ax + By - (Ax_1 + By_1) = 0$$

$\Rightarrow$ $$Ax + By - Ax_1 - By_1 = 0$$

$\Rightarrow$ $$A(x - x_1) + B(y - y_1) = 0$$

**प्रश्न 12. बिंदु (2, 3) से जाने वाली दो रेखाएँ परस्पर 60° का कोण पर प्रतिच्छेद करती है। यदि एक रेखा की ढाल 2 है, तो दूसरी रेखा का समीकरण ज्ञात कीजिए।**

**हल** सूत्र $y - y_1 = m(x - x_1)$ के प्रयोग द्वारा रेखा $l$ का समीकरण, जहाँ $(x_1, y_1) = (2, 3)$ तथा $m = 2$ हैं।

$$y - 3 = 2(x - 2)$$

$\Rightarrow$ $$y - 3 = 2x - 4$$

$\Rightarrow$ $$2x - y - 1 = 0$$


$\Rightarrow$ $$y = 2x - 1 \qquad \ldots(i)$$

यहा रेखा $l_1$ की प्रवणता है। $m_1 = 2$

माना रेखा $l_2$ की प्रवणता $m$ है।

दिया है, $\theta = 60°$

दो रेखाओं के मध्य कोण,




$$\tan\theta = \left|\frac{m_1 - m_2}{1 + m_1 m_2}\right|$$

$\Rightarrow$ $$\tan 60° = \left|\frac{2 - m}{1 + 2m}\right|$$

$\Rightarrow$ $$\sqrt{3} = \left|\frac{2 - m}{1 + 2m}\right|$$

$\Rightarrow$ $$\frac{2 - m}{1 + 2m} = \pm\sqrt{3}$$

धनात्मक चिन्ह लेने पर हम पाते हैं,

$$\frac{2 - m}{1 + 2m} = \frac{\sqrt{3}}{1}$$

$\Rightarrow$ $$2 - m = \sqrt{3}(1 + 2m)$$

$\Rightarrow$ $$2 - m = \sqrt{3} + 2\sqrt{3}m$$

$\Rightarrow$ $$2 - \sqrt{3} = m(1 + 2\sqrt{3})$$

$\Rightarrow$ $$m = \frac{2 - \sqrt{3}}{1 + 2\sqrt{3}}$$



evidyarthi

पुनः ऋणात्मक चिन्ह लेने पर हम पाते हैं,

$$\frac{2-m}{1+2m} = -\sqrt{3}$$

$$\Rightarrow \quad 2-m = -\sqrt{3}\,(1+2m)$$

$$\Rightarrow \quad 2-m = -\sqrt{3} - 2\sqrt{3}m$$

$$\Rightarrow \quad m - 2\sqrt{3}m = \sqrt{3}+2$$

$$\Rightarrow \quad -m\,(2\sqrt{3}-1) = (\sqrt{3}+2)$$

$$\Rightarrow \quad m = -\left(\frac{\sqrt{3}+2}{2\sqrt{3}-1}\right)$$

अब, रेखा $l_2$ का समीकरण,

$y - y_1 = m(x - x_1)$ के प्रयोग द्वारा,

$$y - 3 = \frac{2-\sqrt{3}}{1+2\sqrt{3}}\,(x-2) \qquad \left(\text{जब } m = \frac{2-\sqrt{3}}{1+2\sqrt{3}} \text{ तथा } x_1 = 2, y_1 = 3\right)$$

$$\Rightarrow \quad y(1+2\sqrt{3}) - 3 - 6\sqrt{3} = x(2-\sqrt{3}) - 4 + 2\sqrt{3}$$

$$\Rightarrow \quad x(2-\sqrt{3}) - y(1+2\sqrt{3}) + 8\sqrt{3} - 1 = 0$$

पुनः

$$y - 3 = -\left(\frac{\sqrt{3}+2}{2\sqrt{3}-1}\right)(x-2) \qquad \left[\text{जब } m = -\left(\frac{\sqrt{3}+2}{2\sqrt{3}-1}\right) \text{ तथा } x_1 = 2, y_1 = 3\right]$$

$$\Rightarrow \quad y\,(2\sqrt{3}-1) - 6\sqrt{3} + 3 = -(\sqrt{3}+2)x + 2\sqrt{3} + 4$$

$$\Rightarrow \quad (2+\sqrt{3})\,x + (2\sqrt{3}-1)y - 8\sqrt{3} - 1 = 0$$

**प्रश्न 13. बिंदुओं (3, 4) और (– 1, 2) को मिलाने वाले रेखाखंड के लंब समद्विभाजक रेखा का समीकरण ज्ञात कीजिए।**

**हल** माना दिए गए बिंदु $P\,(3, 4)$ तथा $Q\,(1, 2)$ हैं, तब $B$, $PQ$ का मध्य-बिंदु है अर्थात्

$$B = \left(\frac{x_1+x_2}{2}, \frac{y_1+y_2}{2}\right) = \left(\frac{3-1}{2}, \frac{4+2}{2}\right) = (1, 3)$$

